>

Title: Need to provide funds for electrification of villages in Bahraich Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh under Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana.

श्री कमल किशोर 'कमांडो' (बहराइच) : उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच के विद्युतीकरण के लिए राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना स्वीकृत है। इसके तहत जनपद बहराइच का प्रथम चरण में विद्युतीकरण कराया गया है। शेष बचे गांवों में विद्युतीकरण हेतु राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के फेज-2 के लिए धनराशि आबंटित करने का प्रस्ताव भेजा गया है। इस जनपद में प्रतिवर्ष बाढ़ आती है तथा यह भारत नेपाल सीमा का जिला है। इस जनपद का काफी बड़ा क्षेत्र संरक्षित वन क्षेत्र है जहां पर बड़ी संख्या में अनेकों बड़े-छोटे जानवर हैं जो कि प्रायः जंगली इलाकों से निकल कर ग्रामीण बस्तियों में जाकर आदमियों, पालतू मवेशियों, फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। इस जनपद के अवशेष गांवों का विद्युतीकरण अत्यंत आवश्यक है। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के फेज-2 में अभी तक धनराशि प्रदान न किए जाने से विद्युतीकरण का कार्य रूका हुआ है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध हे कि जनपद बहराइच के विद्युतीकरण हेतु राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना फेज-2 के लिए धनराशि आबंटित करने की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।